3333(E)
19/05/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 18/05/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Sisaula-Basantpatti Road (Total Length-7.44 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–17.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–944 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1277(अनु०) दिनांक–28.04.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–28.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Sisaula-Basantpatti Road (Total Length-7.44 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2704.20 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8091(एस०) दिनांक–20.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2246.13 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3185(अनु०) दिनांक–06.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2113.00540 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 05.02.2026 |

| | | |
|---|---|---|
| 2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। (i) कार्यपालक अभियंता का ज्ञापांक–1957 दिनांक–15.10.2025 के द्वारा प्रथम निविदा में एकल निविदाकार के भाग लेने के कारण निविदा को रद्द किया गया।<br>(ii) उपभागीय पत्रांक–3905 दिनांक–30.12.2025 के द्वारा द्वितीय निविदा को निविदा कागजात में त्रुटियों के आलोक में रद्द किया गया।<br>(iii) तृतीय बार प्राप्त निविदा में सुधारोपरान्त् प्रथम एवं द्वितीय निविदा से भिन्न शर्तें अंकित है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 04 (चार) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Kabbu Khirhar (2) M/s Barhonia Engicon Private Limited

(3) M/s Rajendra Singh and Brothers (4) Sai Construction

4. उपभागीय ज्ञापांक–944 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में भाग लेने वाले चारों निविदाकार यथा (1) M/s Kabbu Khirhar (2) M/s Barhonia Engicon Private Limited (3) M/s Rajendra Singh and Bros एवं (4) Sai Construction निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने का निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–944 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–PAT/03/203 दिनांक–19.03.2026, पत्रांक–PAT/03/209 दिनांक–19.03.2026, पत्रांक–PAT/04/208 दिनांक–19.03.2026 एवं पत्रांक–PAT/03/201 दिनांक–19.03.2026 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल तीन निविदाकार यथा (1) Rajendra Singh & Brothers (2) Sai Construction एवं (3) M/s Kabbu Khirhar के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1277(अनु०) दिनांक–28.04.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–28.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार M/s Barhonia Engicon Private Limited के पत्रांक–PAT/03/203 दिनांक–19.03.2026 के द्वारा M/s Rajendra Singh and Bros के विरूद्ध, पत्रांक–PAT/03/209 दिनांक–19.03.2026 द्वारा Sai Construction के विरूद्ध एवं पत्रांक–PAT/04/208 दिनांक–19.03.2026 द्वारा M/s Kabbu Khirhar के विरूद्ध निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत परिवाद दिया गया है। साथ ही सफल निविदाकार M/s Barhonia Engicon Private Limited के पत्रांक–PAT/03/201 दिनांक–19.03.2026 के द्वारा आपत्ति पत्र प्राप्त हुआ है।

परिवाद/आपत्ति की समीक्षा :–

| | परिवाद/आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Barhonia Engicon Private Limited के द्वारा Rajendra Singh & Brothers के विरूद्ध दिए गए परिवाद :–**<br>I Would like to bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that tendered has withheld that should make the tenderer Non-Responsive.<br>1. Power of Attorney is not attached with the tender document. This is mandatory as per clause 26 of NIT. There are multiple tenders where bidders have been rejected based on this. The partnership deed # 6 specially mentions that all business documents such as tenders etc shall be done by any of the partners specially authorized through registered POWER OF ATTORNEY. | उक्त परिवाद के आलोक में उपभागीय पत्रांक–1015 (अनु०) दिनांक–25.03.2026 द्वारा संवेदक को तीन दिनों के अन्दर अपना पक्ष साक्ष्य के साथ रखने का निदेश दिया गया।<br>तद्आलोक में Rajendra Singh & Brothers के पत्रांक– शून्य दिनांक–28.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "उपरोक्त विषयक एवं प्रासंगिक मामलें में बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि कृपया Instructions to Bidders (in short ITB) के कंडिका 23 का अवलोकन करने की कृपा की जाय:–<br>23. Process to be Confidential<br>23-1 Information relating to the examination, clarification, evaluation and comparison of Bids and recommendations for the award of a contract shall not be disclosed to Bidders or any other persons not officially concerned with such process until the award | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | to the successful Bidder has been announced. Any effort by a bidder to influence the Employer's processing of Bids or award decisions may result in the rejection of his Bid.<br>वर्णित कंडिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि निविदा प्रक्रिया पूरी तरह से Confidential है तथा विभागीय स्तर से किसी भी निविदादाताओं के निविदा कागजातों को विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध नहीं कराया गया है तब ऐसी स्थिति में परिवादी M/s Barhonia Engicon Pvt. Ltd. द्वारा हमारे द्वारा वर्णित निविदा में संलग्न कागजातों के आलोक में परिवाद देने से ही स्पष्ट है कि उनके द्वारा वर्णित कंडिका–23 का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है और निविदा की गोपनीयता को भंग किया है। अतः इस आधार पर वर्णित कंडिका–23 के आलोक में इनकी तकनीकी निविदा को रद्द करने के पश्चात ही वर्णित कार्य की निविदा का निष्पादन नियमानुकूल होगा। | |
| | **2.** BID already submitted does not have comprehensive list and bidder has withheld information with regards to this. All tenders in RWD are on hold and the last batch of tenders that bidder participated in is stiil live. | इस संदर्भ में हमें पुनः कहना है कि आपके द्वारा ITB की किस कंडिका के तहत हमसे स्पष्टीकरण की माँग की गयी है इसका उल्लेख भी | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | RWD, Bihar-2025_RWD_144725_1<br>This accounts for misleading of information<br>Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process. | आपके प्रसांगिक पत्र में नही है और आपके प्रसांगिक पत्र के अवलोकन से यह भी स्पष्ट हो रहा है कि केवल वर्णित परिवादी के परिवाद के आलोक में ही हमसे Clarification की माँग की गयी है जबकि आपकी अध्यक्षता में हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक दिनांक–17.03.2026 को लिए गये निर्णय के आलोक में हमारी तकनीकी निविदा को सफल घोषित किया गया है।<br>जहाँ तक निविदा कागजातों के साथ पॉवर ऑफ अर्टानी संलग्न करने की बात कही गयी है वह हमारे निविदा के लिए Applicable नहीं था क्योंकि हमारी पार्टनरशीप डीड की कंडिका–6 के आलोक में कोई भी पार्टनर द्वारा निविदा में भाग लिया जा सकता है या अगर किसी व्यक्ति विशेष को सभी पार्टनर द्वारा पॉवर ऑफ अर्टानी दिया गया है तो उसके द्वारा भी भाग लिया जा सकता है हमारे मामलें में किसी भी व्यक्ति विशेष को पॉवर ऑफ अटार्नी नहीं दिया गया है तब ऐसी परिस्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका 26 हमारी निविदा पर लागू नहीं होगी क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहना है कि "It is mandatory that power of attorney, if | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | applicable, should be on Rs. 1000/- Stamp. यहाँ हमें यह भी कहना है कि जब हमारे मामलें में पॉवर ऑफ अर्टानी applicable ही नहीं है तब Rs. 1000/- के स्टाम्प पर देने का प्रश्न ही नही उठता है।<br>वर्णित निविदादाता द्वारा जानबूझकर मेरे पार्टनर डीड की कंडिका–6 का पूरी तरह से उद्धित नही किया है जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा हूआ है कि "That all the business documents such as tenders, agreements etc. at Sitamarhi, in Context of civil contract work shall be done by any of the partner or any other person specially been authorized by giving a registered power of Attorney by all the partner hereto." इसके आलोक में हमारे पार्टनरशीप डीड का कोई भी पार्टनर निविदा में फर्म के behalf में भाग ले सकता है।<br>इस संदर्भ में हमें यह भी कहना है कि हमने अपनी निविदा में कुल बीड कैपिसिटी रू0 74,48,75,886 / – की दर्शायी है और परिवादी द्वारा उल्लेखित निविदा कि राशि रू0 6,30,50,452 / – की थी इस राशि को अगर छोड़ भी दिया जाता है तो भी हमारी बीड कैपिसिटी रू0 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 68,18,25,434/– बचती है तथा इस वर्णित कार्य का आवंटन अगर हमारे फर्म के पक्ष में जाता है तब भी के पश्चात भी हमारी बीड कैपेसिटी रू0 47,05,24,894/– बचती है अतः परिवादी द्वारा लगाया गया आरोप द्वेष भावना से प्रेरित होकर लगाया गया है क्योंकि हमारे द्वारा संलग्न कागजातों के अवलोकनोपरांत ही हमें तकनीकी निविदा में सफल घोषित किया गया है।<br>अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में परिवादी की तकनीकी निविदा को ITB की कंडिका–23 के उल्लंघन के आलोक में रद्द करते हुए अन्य सफल निविदादाताओं के साथ हमारी वित्तीय बीड को खोलकर निविदा का निस्तार नियमानुकूल करने की कृपा की जाय इसके लिए हम सदा आपके आभारी रहेगें।<br>**समीक्षा** :–<br>पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक 6158 (S) दिनांक–09.07.2014 के कंडिका 5.2 के द्वितीय प्रक्रम में सम्मिलित बिन्दु Power of attorney है। परिवादी के द्वारा उठाए गए बिन्दु उक्त पत्र के आलोक में Clarification की माँग की गई है।<br>**(i)** निविदाकार Rajendra | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Singh & Brothers द्वारा Upload किया गया Partnership Deed में कुल तीन सदस्य है, पार्टनरशीप डीड के कंडिका–6 के द्वारा सभी सदस्य को निविदा कार्य हेतु अधिकृत किया गया है। उसमें से एक सदस्य श्री उदय प्रताप के द्वारा निविदा दिया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।<br>**(ii)** परिवादी द्वारा परिवाद में अंकित कार्य जो RWD से संबंधित है, Bihar PMGSY Website के Tender ID 2025-RWD-14725-1 वर्त्तमान में लंबित है। निविदाकार Rajendra Singh & Brothers द्वारा भी अपने स्पष्टीकरण में स्वीकार किया गया है कि उक्त निविदा की राशि ₹6,30,50,452.00 का कार्य आवंटन होने के पश्चात् भी मेरा Bidding Capacity पूरा हो रहा है।<br>समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा Bid already submitted में अधूरा सूचना अंकित किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है। | |
| 2. | **M/s Barhonia Engicon Private Limited के द्वारा**<br>**Sai Construction के विरूद्ध दिए गए परिवाद -** | उक्त परिवाद के आलोक में उपभागीय पत्रांक–1017 (अनु0) | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | I Would like to bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that tendered has withheld that should make the tenderer Non-Resonsive.<br>1. Existing Commitment-Withheld information regarding tender that has been awarded to the bidder in Varanasi. It needs to be checked weather on the day of participating in the above tender if the work was completed.<br>➢ https://etender.up.nic.in/nicgep/app<br>➢ Tender Status/Tender ID-2025_UPVDA_1066277_1<br>2. Bid Already Submitted- Information has been withheld here as well. Following tenders submitted has been hidden from the tender documents.<br>➢ https://etender.up.nic.in/nicgep/app<br>o 2025_UPCTL_1101646_1<br>o 2025_ UPPRD_1095694_22<br>o 2025_ UPCTL_1101637_1<br>o 2025_ UPVDA_1101544_1<br>Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process. | दिनांक–25.03.2026 द्वारा संवेदक को तीन दिनों के अन्दर अपना पक्ष रखने का निदेश दिया गया।<br>तद्आलोक में Sai Construction के पत्रांक–शून्य, दिनांक–28.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि'' कृपया उपरोक्त विषयक का संज्ञान ग्रहण करने की कृपा करें जिसमें आप द्वारा Widening & Strengthening of Sisaula-Basantpatti Road (Total Length-7.440 Km) under Road Division Sitamarhi for the year 2025-26 कार्य निविदा के तकनीकी मूल्यांकन के संबंध में हमसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस संबंध में महोदय, निम्न प्रकार से बिन्दुवार हमारा स्पष्टीकरण है –<br>1. निविदा संख्या 2025_ UPVA_1066277_1 के संबंध में कहना है कि यह कार्य हमें दिनांक–27.12.2025 को मिला और दिनांक–31.01.2026 को हमने सम्पूर्ण कार्य समाप्त कर दिया है, अतः प्रदर्शित नहीं किया गया है।<br>2. निविदा संख्या 2025_UPPRD_1095694_22 के संबंध में कहना है कि यह निविदा हमारी नहीं है। सह | सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | निविदादाता बरहोनिया एंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना के द्वारा वैमनस्य एवं द्वेषभावना से प्रेरित होकर उक्त निविदा को हमारी बताया गया है।<br>**3.** निविदा संख्या 2025_UPCTL_1101646_1 के संबंध में कहना है कि यह निविदा हमारे द्वारा भूलवश बिड ऑलरेडी सबमिट में प्रदशित करने से छूट गई है, हमारा इसे प्रदर्शित करने से टूट गई है, हमारा इसे प्रदर्शित न करने का कोई आशय नहीं था, मानवीय त्रुटिवश निविदा अपलोड करने वाले व्यक्ति से टाइप करना रह गया है। परन्तु महोदय साथ ही यह भी कहना चाहता हूँ कि यदि इस निविदा की धनराशि को बिड कैपेसिटी के निर्धारण में से घटा दी जाए तब भी हम इस प्रश्नगत निविदा के लिए पात्र हैं।<br>**4.** निविदा संख्या 2025_UPVDA_1101544_1 के संबंध में कहना है कि यह निविदा हमारे द्वारा दिनांक–21.01.2026 को अपलोड किया गया और दिनांक–30.01.2026 को यह निविदा ही निरस्त कर दिया गया तथा हमारे द्वारा जमा की गई धरोहर धनराशि को भी विभाग द्वारा वापस अवमुक्त कर दिया गया। अतः प्रदर्शित नहीं किया गया है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अतः महोदय आपसे सादर अनुग्रह है कि हमारे द्वारा प्रस्तुत किए गए उपरोक्त स्पष्टीकरण के आलोक में हमारी तकनीकी निविदा पर विचार करते हुए वित्तिय निविदा के आधार पर निविदा निर्णित करने की कृपा करें। ताकि हमारे साथ न्याय हो सके।"<br>उपभागीय पत्रांक–1134 (अनु0) दिनांक–13.04.2026 के द्वारा निविदाकार Sai Construction को Tender ID-2025_UPVDA_ 1066277_1, 2025-UPPRD_1095694_22, 2025_UPCTL_1101646_1, 2025_UPCTL_1101637_1 एवं 2025_UPVDA_ 1101544_ 1 से संबंधित अपने कथन हेतु पुनः साक्ष्य समर्पित करने का निदेश दिया गया, परन्तु उनके द्वारा निर्धारित समय तक कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>**समीक्षा :–**<br>**(i)** निविदाकार के द्वारा निविदा संख्या–2025_UPVDA_1066277_1 के संबंध में सम्पूर्ण कार्य समाप्त होने से संबंधित साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बिन्दु मान्य है।<br>**(ii)** निविदाकार के द्वारा निविदा संख्या–2025_UPPRD_1095694_22 के संबंध में प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त निविदा संख्या हमारे फर्म से संबंधित नहीं है। साक्ष्य के रूप में Eprocurement System Govt. of Utter Pradesh का My bid History का detail संलग्न किया है, जिसमें उक्त Tender ID का कार्य नहीं दर्शाया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।<br>**(iii)** निविदाकार के द्वारा स्वीकार किया गया है कि निविदा संख्या–2025_UPCTL_1101646_1 भूलवश Bid already submitted में नहीं दर्शाया गया।<br>समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा Bid already submitted में अधूरा सूचना अंकित किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।<br>**(iv)** निविदाकार के द्वारा निविदा संख्या–2025_UPVDA_1101544_1 के संबंध में प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त निविदा दिनांक– 30.01.2026 को | |

<table>
<tr>
<td></td>
<td></td>
<td>निरस्त कर दिया गया है, परन्तु इस संदर्भ में इनके द्वारा किसी प्रकार का साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा Bid already submitted में अधूरा सूचना अंकित किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।<br>**(v)** निविदाकार के द्वारा निविदा संख्या–2025_UPCTL_1101637_1 के संबंध में कोई कथन/साक्ष्य समर्पित नहीं किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।</td>
<td></td>
</tr>
<tr>
<td>3.</td>
<td>**M/s Barhonia Engicon Private Limited के द्वारा**<br>**M/S Kabbu Khirhar के विरूद्ध दिए गए परिवाद :–**<br>I Would like to bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that tendered has withheld that should make the tenderer Non-Responsive.<br>Withheld information regarding Work in Hand/Existing Commitment-following work has been awarded to the contractor in April 2025. It cannot have been completed in such a short span of time.<br><table><tr><td>Organisation Chain:</td><td>Kolkata Port TrustllKolkata Dock System-KoPTllclvi-KDSll O/o Chief Engr./Sr. Ex. Engr. (Contract)-KDS</td></tr><tr><td>Tender ID:</td><td>2024_KoPT_823852_1</td></tr></table></td>
<td>उक्त परिवाद के आलोक में उपभागीय पत्रांक–1016(अनु0) दिनांक–25.03.2026 द्वारा संवेदक को तीन दिनों के अन्दर अपना पक्ष रखने का निदेश दिया गया।<br>तद्आलोक में M/S Kabbu Khirhar के पत्रांक–शून्य दिनांक–28.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "निवेदन हैं कि (Barhonia Engicon Pvt. Ltd.) के द्वारा दिये गए परिवाद के संबंध में कहना है कि Tender ID 2024-KOPT-823852-1 के निविदा में मैं भाग लिया था, जिसमें मेरा दर न्यूनतम था, टाईम डीवार्ड होने के कारण</td>
<td>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से असहमत।</td>
</tr>
</table>

<table>
<tr>
<td></td>
<td>
<table>
<tr><td>Tender Ref No:</td><td>SMPK/KDS/CIV/T/28799/61</td></tr>
<tr><td>Tender Title:</td><td>Part 1. Yard development of Dock-I, East KPD induding repair, Modification and upgradation of existing drainage system, KPD. Part 2. Yarrd development of Dock-II, KPD including Repair, modification and upgradation of existin drainage system, KP Dock</td></tr>
</table>
<ul>
<li>https://eprocure. gov.in/eprocure/app</li>
<li>Search Tender Status by Tender ID-2024_KoPT_823852_1</li>
</ul>
Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process.
</td>
<td>यह कार्य मुझे आवंटित नहीं किया गया फलस्वरूप विभाग के द्वारा मेरे द्वारा जमा अग्रधन की राशि को 01.07.2025 को मेरे खाते में R.T.G.S के द्वारा वापस किया गया। मेरे विरूद्ध लगाए गये आरोप निराधार है, इसकी जाँच संबंधित विभाग से भी किया जा सकता है।<br><br>अतः अनुरोध है कि मेरे विरूद्ध दिये परिवाद को निरस्त करते हुए निविदा का निस्तार करने की कृपा प्रदान करें।"<br><br>समीक्षा :–<br><br>परिवादी द्वारा अंकित निविदा Kolkata Port Trust से संबंधित है। निविदाकार M/S Kabbu Khirhar द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि Time debard होने के कारण Tender ID- 2024-KOPT-823852-1 का कार्य मुझे आवंटित नहीं हुआ। इनके द्वारा समर्पित E-mail एवं Bank Statement साक्ष्य के रूप में संलग्न किया गया है। निविदाकार Kabbu Khirhar से प्राप्त स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य को Verification उपभागीय पत्रांक–1141 दिनांक–15.04.2026 द्वारा Chief Engineer (Civil) SMPK, Kolkata से कराया गया। उनके E-mail द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन से निविदाकार Kabbu Khirhar के कथन की</td>
<td></td>
</tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सम्पुष्टि होता है। स्पष्ट है कि इनको उक्त कार्य आवंटित नहीं हुआ एवं इनका उक्त कार्य से संबंधित EMD वापस किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। | |
| 4. | **M/s Barhonia Engicon Private Limited से प्राप्त आपत्ति :–**<br>I am writing to formally bring to your attention a grave procedural inconsistency and unfair treatment by the department regarding the tender for the "Widening & Strengthening of Sisaula-Basantpatti Road (Total Length-7.44 km)" under the Road Division, Sitamarhi.<br>The facts of the case highlighting the discrepancy are as follows:<br><br>**1.** Misclassification in Technical Evaluation: The official advertisement NIT No. 15/2025-26 dated 12.01.2026 and in the previously floated NIT-14/2025-26 dated 18.11.2025; it was explicitly published as an "SBD BASED DETAILED NOTICE INVITING RE-TENDER" However, in the Technical Bid Evaluation Committee minutes dated March 17, 2026, the committee failed to categorize this as a " Re-Tender" in the official record, despite noting that two previous calls had already been cancelled. | प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार के भाग लेने के कारण निविदा को कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी का ज्ञापांक–1957 दिनांक– 15.10.2025 के द्वारा NIT सं0– 11/2025–26 को रद्द कर दिया गया था।<br>द्वितीय बार आमंत्रित निविदा NIT No.-14/2025–26 के तकनीकी बीड जाँच के क्रम में पाया गया कि Uploaded SBD त्रुटिपूर्ण था। त्रुटियों के आलोक में उक्त निविदा को उपभागीय पत्रांक–3905 दिनांक–30.12.2025 के द्वारा रद्द किया | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | गया। <br> वर्त्तमान आमंत्रित निविदा (NIT No.- 15/2025-26) के तकनीकी बीड जाँच के क्रम में पाया गया कि प्रथम निविदा में भी Uploaded SBD त्रुटिपूर्ण था। पूर्व के निविदा (प्रथम एवं द्वितीय) में त्रुटिपूर्ण SBD Upload होने के फलस्वरूप सुधोरोपरांत वर्त्तमान निविदा को Bihar PWD Code के नियम 163 लागू नहीं होता है। <br> अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | |
| | **2.** Departure from Established Precedents: The department has historically followed the Bihar Public Works Code Rule 163, which mandates that a tender be considered a re-tender if the previous call had a single bidder, no bidders, or disqualifications. This is evident from other recent evaluations conducted by your office for the same road construction division-Sitamadhi; <br> o Mejorganj to Dhang Path (TB-3541): In the evaluation dated November 21, 2025 the committee correctly identified the tender as a re-tender under clause 2.11 because no bidders participated in the first call. | पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी अन्तर्गत मेजरगंज–ढ़ेंग के प्रथम बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लेने के फलस्वरूप Bihar PWD Code के नियम–163 एवं विभागीय पत्रांक–6367 (E) दिनांक–10.09.2018 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया था जिसका संबंध वर्त्तमान निविदा से नहीं है। <br> अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | |
| | o Kumma-Bela Road (TB-3145) In the evaluation dated September 27,2025, the committee explicitly marked the work as a re-tender, citing Rule 163 (2) of the PWD Code because only a single bidder was | पथ प्रमंडल सीतामढ़ी अन्तर्गत कुम्भा–बेला पथ के दूसरी बार प्राप्त निविदा में एकल सफल निविदाकार के | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | successful in the first call.<br>**3.** Unfair Treatment: for the Sisaula-Basantpatti work, the Techincal Evaluation sheet merely listed the reasons for previous cancellations--- such as document errors---- without formally granting it the status of a " Re-Tender" in the technical record. This selective omission creates an uneven playing field and deviates from the transparency observed in the majarganj and kumma-Bela Cases.<br>In light of the above, it is requested that you look into this matter to ensure that the Sisaula-Basantpatti tender is treated with the same procedural rigor and fairness as established in previous departmental precedents. Failure to acknowledge the "Re-Tender" status in the technical record, despite the NIT stating otherwise, constitutes a clear case of administrative inconsistency. | असफल होने के फलस्वरूप Bihar PWD Code के नियम–163 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया था, जिसका संबंध वर्त्तमान निविदा से नहीं है।<br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य है। | |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त उपभागीय ज्ञपांक–944 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को Barhonia Engicon Pvt. Ltd. से प्राप्त परिवाद के आलोक में संशोधित करते हुए विषयांकित निविदा के चार निविदाकारो में से दो निविदाकार (1) Rajendra Singh & Brothers एवं (2) Sai Construction को SBD के ITB-Cl. 4.8 के तहत् तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की जाती है। शेष दो निविदाकार (1) M/s Barhonia Engicon Private Limited एवं (2) M/s Kabbu Khirhar को तकनीकी बीड में सफल घोषित को यथावत रखने की अनुशंसा की जाती है।

8. <u>परिवाद समिति का निर्णय</u> :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार **Barhonia Engicon Pvt. Ltd.** के पत्रांक–**PAT/03/203** दिनांक–19.03.2026 एवं पत्रांक–**PAT/03/209** दिनांक–19.03.2026 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा (1) **M/s Rajendra Singh and Brothers** एवं (2) **Sai Engicon** के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य किया जाता है एवं पत्रांक–**PAT/04/208** दिनांक–19.03.2026 द्वारा (3) **M/s Kabbu Khirhar** के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य किया जाता है।

(ii) दो निविदाकार यथा (1) **Rajendra Singh and Brothers** एवं (2) **Sai Construction** को **SBD** के **ITB-Cl. 4.8** के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता हैं।

(iii) दो निविदाकार यथा (1) **M/s Barhonia Engicon Private Limited** एवं (2) **M/s Kabbu Khirhar** को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–944 दिनांक–17.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–17.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (सुनील कुमार सुमन) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अनिल कुमार सिंह) | (उमा कान्त रजक) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–242/2025 3333(E) पटना, दिनांक 19/05/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।